हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

04 सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन के लिए ...



07 शहर में क्रिसमस पर्व को लेकर उत्साह, चर्च को रोशनी से सजाया





## समाचार संक्षेप

### कायस्थ समाज गुना ने मृत्यु भोज जैसी कुरीति को सूक्ष्म रूप से करने हेतु संकल्प किया

**गुना।** अखिल भारतीय कायस्थ समाज (मध्य भारत ) जिला गुना के अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को विंध्याचल कॉलोनी विद्यार्थी नगर के मुक्ति धाम में कायस्थ समाज के एक अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि के उपरांत उपस्थित सैकड़ो समाज जनों के सामने मृत आत्मा के परिजनों से निवेदन कर आग्रह किया । संकल्प करवाया कि हम सभी मृत्यु भोज सूक्ष्म रूप से करेंगे पूर्व में भी कायस्थ समाज के ही दिनांक 16 दिसंबर एवं 17 दिसंबर को भी अंतिम संस्कार के बाद श्रद्धांजलि सभा के बाद यही संकल्प उनके परिजनों से करवाया। निवेदन कर आग्रह किया आगे भी यह संकल्प करवाया जाकर इस कुरीति को सामाजिक बहिष्कार करेंगे।

### मृतका के वारिसान को 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**गुना।** अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ अमित कुमार सोनी द्वारा बताया गया कि सर्पदंश से हुई मृत्यु में मृतिका के वैद्य वारिसान को 4 लाख रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं। प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार 14 अगस्त 2025 को ग्राम चंदनखिरिया, मृतक कलाबाई पत्नि जालमसिंह नट की सर्पदंश से मृत्यु होने पर मृतिका के वैध वारिसान उनके पति जालमसिंह पुत्र उपराव नट निवासी चांदनखिरिया 01 मार्च 2018 से संशोधित आर.बी.सी. 6-4 (पांच) की कण्डिका (2) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने हेतु स्वीकृति के आदेश जारी किए गए हैं।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम व शपथ ग्रहण हुआ



**गुना ।** यूजीसी के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. किशन यादव, कुलसचिव प्रो. डॉ. ललित नामदेव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी, समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अतिथि प्रवक्ता अंतिमा सक्सेना द्वारा विद्यार्थियों को बाल विवाह की सामाजिक बुराइयों, उसके दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों से PPT प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संवेदनशील बनाते हुए उन्हें सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनाना रहा।विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल है और विश्वविद्यालय समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने एक स्वर में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

### पीएम आवास के सभी एमआईजी सेल हुए

**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्थल पर निर्मित 120 एमआईजी भवनों में से 120 एमआईजी भवन बुधवार को सेल हो गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि विगत 22 दिसंबर से शिविर का आयोजन किया गया है, इस दौरान शहर वासियों ने आवास स्थल पर निर्मित एमआईजी भवनों में अपनी रुचि दिखाते हुए सभी भवनों का पंजीयन करा लिया है। आज 15 भवनों का पंजीयन हुआ इसके साथ एल आईजी भवनों में से दो भवनों का पंजीयन किया गया है। शिविर कल भी जारी रहेगा। आज के शिविर में उपयंत्री मयूरी श्रीवास्तव, इन्द्र सिंह,सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद रघुवंशी,शोभित जादौन आदि उपस्थित रहे।



### 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताः गुना में राष्ट्रीय स्तर की हलचल शुरू

**गुना।** खेल के क्षेत्र में गुना जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 31 दिसंबर 2025 तक गुना में किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।इसी क्रम में प्रतियोगिता स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने सहायक संचालक सुश्री प्रेरणा गुप्ता पहुंचीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्नाटक, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय, उड़ीसा, सीआईएससीई , मणिपुर, सीबीएसई, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश की टीमें गुना पहुंच चुकी हैं। शेष राज्यों की टीमें रात्रि तक एवं 25 दिसंबर तक गुना पहुंचेंगी।



# दिव्यांग छात्रों के लिए एक्सप्लोजर विजिट आनंदपुर और चंदेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

समग्र शिक्षा अभियान (सेकंडरी एजुकेशन) के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक , सामाजिक एवं भावात्मक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन आनंदपुर और चंदेरी में किया गया। यह शैक्षणिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश गोयल, सुश्री प्रेरणा गुप्ता एडीपीसी और एसके शिवहरे एपीसी के मार्गदर्शन में अनामिका गोस्वामी सीडब्लयूएसएन प्रभारी और संजय शर्मा के नेतृत्व में कराया गया।

यह एक्सपोजर विजिट 03 दिसंबर 2025 को आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित 14 छात्रों को भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने ऐतिहासिक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कर प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस



अवसर पर बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास , सामाजिक सहभागिता और नई ऊर्जा का संचार स्पष्ट रूप से देखने मिला है। यात्रा के दौरान बच्चों की सुरक्षा, सुविधा, देखभाल भोजन व्यवस्था विजय श्रीवास्तव, प्रियंवदा लिटोरिया, दिनेश शर्मा, शिव प्रताप सिंह कुशवाहा और ज्ञानेंद्र द्वारा किया गया।आयोजन से जुड़े अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की गतिविधियां समग्र शिक्षा अभियान के उद्देश्य अनुरूप आत्मविश्वास सामाजिक सहभागिता एवं सामाजिक शिक्षण को सुदृढ़ करने के लिए सहायक है। एक्सपोजर विजिट को एडीपीसी प्रेरणा गुप्ता एवं एपीसी एस के शिवहरे द्वारा हरी झंडी दिखा कर बस को रवाना किया। इस यात्रा में विद्यार्थियों ने सर्व प्रथम आनंदपुर का भ्रमण किया तत्पश्चात चंदेरी में जागेश्वरी देवी, म्यूजियम, किला कोठी, खूनी दरवाजा, कौशल महल, कटी घाटी का भ्रमण किया।

## गुना पुलिस को कार्रवाई के दौरान मिली बड़ी कामयाबी

# शातिर चोर गिरफ्तार, 84 लाख रुपए का माल किया बरामद

### पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना विजयपुर अंतर्गत हुई बड़ी चोरी की वारदात का पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर खुलासा किया है।पुलिस ने इस मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर 463.3 ग्राम सोना सहित कुल 84 लाख 3 हजार रुपये की चोरी गई संपत्ति बरामद की है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सीमा डोडवे के पर्यवेक्षण में थाना विजयपुर पुलिस द्वारा की गई।



#### 8 मकानों में हुई थी बड़ी चोरी

31 अगस्त को फरियादी संतोष सिंह पुत्र छत्रे सिंह कुशवाह, उम्र 59 वर्ष, निवासी आदित्यपुरम ग्वालियर (हाल निवासी गेल टाउनशिप कॉलोनी, विजयपुर) द्वारा थाना विजयपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने कॉलोनी के कुल 8 मकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।इस पर थाना विजयपुर में अपराध क्रमांक 86/25, धारा 331(4), 305(घ) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

#### बरामद संपत्ति का विस्तृत विवरण

पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से अलग–अलग प्रकार के सोने के आभूषण, जिनमें हार, चेन, कंगन, अंगूठियां, झुमके, टॉप्स, बाली, मंगलसूत्र सहित अन्य जेवरात शामिल हैं, कुल वजन 463.3 ग्राम बरामद किए गए। इसके साथ ही नकद राशि एवं अन्य कीमती सामान भी जब्त किया गया। बरामद माल की कुल कीमत 84 लाख 3 हजार रुपये आंकी गई है।



#### पुलिस की सराहनीय कार्रवाई

गुना पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल चोरी की बड़ी घटना का खुलासा हुआ है, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन पर सख्त कार्रवाई, 7 व्यक्तियों पर 1100 का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में तंबाकू सेवन करने वालों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में की गई कार्रवाई के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती विनीता सोनी के नेतृत्व में टीम सदस्य नमिता खादीकर, मुरारी लाल, आदिल खान, दीपक एवं मोनू जाटव द्वारा चिकित्सालय परिसर में तंबाकू का सेवन करते पाए गए 7 व्यक्तियों पर कुल 1100 का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान सभी व्यक्तियों की मौके पर काउंसलिंग की गई तथा उन्हें तंबाकू की लत छोड़ने हेतु टीसीसी (TCC) केंद्र भेजा गया।

इस दौरान एक सकारात्मक तथ्य यह भी सामने आया कि अधिकांश लोगों को कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा संचालित तंबाकू नियंत्रण अभियान की जानकारी थी तथा कई लोगों ने स्वयं तंबाकू छोड़ने की इच्छा व्यक्त की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर द्वारा तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को परामर्श देते हुए भविष्य में तंबाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर मनाए जा रहे अटल स्मृति वर्ष एवं वीर बाल दिवस के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गुना के नेतृत्व में जन्मजयंती के पूर्व बुधवार को जयस्तंभ चौराहा गुना पर स्वच्छता अभियान चलाया साथ ही जयस्तंभ के चारों ओर पानी धुलाई कर स्वच्छता की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम पारिक, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, महामंत्री चंद्र प्रकाश अहिरवार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़, भाजपा वरिष्ठ नेता विकास जैन नखराली, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, परेश भार्गव एवं रामकुमार शर्मा, निखिल अरोरा, महामंत्री रवि गुर्जर, उपाध्यक्ष नीतेश भार्गव, मीडिया मुकेश ओझा, मंडल महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव, विनोद लोधा, विनोद दीवान सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा की बहने एवं पार्षद व बड़ी संख्या में कार कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शिक्षक अधिकारियों को 7-7 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने आत्महत्या करने वाले शिक्षक को प्रताड़ित करने वाले शिक्षक अधिकारियों को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास और 15-15 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में मध्यप्रदेश राज्य की ओर से पैरवी लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ ने की। अभियोजन कहानी के अनुसार मृतक धर्मेन्द्र सोनी शासकीय प्राथमिक विद्यालय गमरिया के टपरे में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ था। दिनांक 18-4-23 को ग्राम के चौकीदार लक्ष्मीनारायण को सिमरौद के लोगों ने फोन करके बताया कि शासकीय स्कूल के शिक्षक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है, तब चौकीदार ने मौके पर पहुंच कर देखा कि स्कूल के एक कमरे में शिक्षक धर्मेन्द्र सोनी पिता काशीराम सोनी निवासी कर्नल गंज गुना ने स्कूल के कमरे की छत के कुंदे में रस्सी डालकर गले में रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली है। चौकीदार ने बमौरी थाने में उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच में साक्षीगण और मृतक के परिवार वालों के कथन लिए तब मृतक के माता-पिता ने बताया कि बमौरी बीईओ राजीव यादव और सीएसी छतरसिंह लोधा लम्बे समय से धर्मेन्द्र को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान कर रहे थे एवं इन दोनों ने धर्मेन्द्र को इतनी मानसिक प्रताड़ना दी कि धर्मेन्द्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटना स्थल से मृतक का सुसाइड नोट जप्त किया। विवेचना की समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। मृतक के स्कूल में ताला लगाकर फोटो खींचकर और मध्यान्ह भोजन खराब बताकर मृतक से आरोपीगण 500/- से लेकर 5000/- तक मांगते थे। आरोपीगण की ओर से गुना जिले के पूर्व डीईओ चन्द्र शेखर सिसौदिया, बीआरसीसी कोकसिंह पोरसिया और विधि सलाहकार अतुल शर्मा ने बचाव साक्षी के रूप में न्यायालय में कथन दिए। मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि स्कूल खुला होने पर भी चैनल गेट को बन्द करके उसके फोटो मृतक को भेजकर उससे एक हजार से पांच हजार रुपए तक मांगे जाते थे और मृतक ने अनेक बार आरोपी गण को उक्त राशि दी भी है। अभियोजन एवं बचाव पक्ष की सम्पूर्ण साक्ष्य और तर्कों के पश्चात न्यायालय ने माना कि निरीक्षण की आड़ में अवैध राशि की वसूली के कृत्य के कारण ही धर्मेन्द्र ने आत्महत्या की है। सत्य मृत व्यक्ति के होंठों पर विराजमान रहता है। न्यायालय ने समस्त साक्षियों के कथन, सम्पूर्ण साक्ष्य और अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्ष के समस्त तर्कों को सुनने के पश्चात आरोपीगण छतर सिंह लोधा पिता मदनलाल निवासी ग्राम सिलावटी, थाना बमौरी और राजीव यादव पिता हरिजन सिंह यादव ग्राम मलौआ तहसील भांडेर जिला दतिया को मृतक धर्मेन्द्र की मृत्यु के लिए दोषी ठहराते हुए और आरोपीगण को दया का हकदार न मानते हुए भा.द. विधि की धारा 306/34 में 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास और 15-15000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया। न्यायालय ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण राशि 30,000/- मृतक की पत्नी को दिलाए जाने का भी आदेश पारित किया।

## ग्राम आवन में डाक विभाग की योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने डाक चौपाल का आयोजन हुआ

राघोगढ़ । बुधवार को ग्राम आवन में डाकविभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को डाकघर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं से जोड़ना रहा। डाक चौपाल में (हनुमान मन्दिर पुजारी)नीरज शर्मा नन्द कुमार लोधा सचिव श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर ट्रस्ट आवन,बेनी प्रसाद वशिष्ठ प्राचार्य संस्कृत वेद विद्यालयआंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्र कला,चंदा शर्मा, आदिसहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार व स्वरोजगार कार्यक्रम हुआ संपन्न

# 2385 हितग्राहियों को 9 करोड़ 44 लाख का हितलाभ वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश शासन निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्य उद्योग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत स्वरोजगार, रोजगार और अप्रेंटिशिप के लिए अवसर प्रदान करने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन गुना द्वारा युवा संगम के अंतर्गत बुधवार 24 दिसम्बर को जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यक्रम का 14वें कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गुना नगरपालिका के उपाध्यक्ष धर्म सोनी सहित जनप्रतिनिधि रमेश मालवीय, विकास जैन नखराली विशेष रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आरंभ कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनी द्वारा युवाओं को संबोधित करते हुए हितग्राहियों का मार्गदर्शन देकर उन्हे बधाई व शुभकामनाएं दी। रमेश मालवीय द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यदि सुशासन देखना है तो गुना जिले में देखें यहां जिला प्रशासन द्वारा हमारे



सांसद व विधायक के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अनेक नवाचार करते हुए गुना को विकसित करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। गुना जिले में स्वरोजगार योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और रोजगार मेला के माध्यम से प्रदेश में एक पहचान मिलती जा रही है। युवाओं से अपील की जाती हैं कि शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में 2385 हितग्राहियों को 07 करोड़ 44 लाख रुपए का मौके पर हितलाभ का वितरण किया गया। इस के साथ ही निजी क्षेत्र की 08 कंपनियों द्वारा 214 से अधिक युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

इस दौरान 168 को ऑफर लेटर प्रदान किए गए। ग्रामीण अजीविका मिशन द्वारा स्वसहायता समूह योजना अंतर्गत पूजा स्वसहायता समूह उमरी को राशि 3 लाख का हितलाभ वितरण, रागनी स्वसहायता समूह टोरिया को राशि 6 लाख का हितलाभ वितरण एवं सोनिका स्वसहायता समूह बरखेड़ी को राशि 1.5 लाख का हितलाभ वितरण किया गया।उद्यानकी विभाग द्वारा पीएमएफएमई योजना अंतर्गत संतोष साहू एवं विजय रघुवंशी को 10-10 लाख का हितलाभ वितरण एवं हेमंत कुमार पुष्कर को 7.72 लाख एवं शाहबाज खान को 9 लाख रुपए का हितलाभ वितरण किया गया।

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत कृष्णकांत चौधरी को राशि 6.90 लाख का हितलाभ वितरण किया गया।ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत अनीश अली, इंदिरा प्रकाश साहू, विशाल को राशि 1-1 लाख का हितलाभ एवं सुनील लोढ़ा को 50 हजार का हितलाभ वितरण किया गया।

## समाचार संक्षेप

### रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म पर स्टेशन का गलत नाम उच्चारण की शिकायत, विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजा

**राघौगढ़।** सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने प्लेटफॉर्म पर स्टेशन का नाम गलत उच्चारण करने की शिकायत की है। विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज त्यागी को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कोटा बीना रेल लाइन पर रेल स्टेशनों के नाम कंप्यूटर की त्रुटि के कारण गलत उच्चारण किये जा रहे हैं। आपने उल्लेख किया है बीना स्टेशन का नाम बिना, साढ़ौरा गांव रेल स्टेशन का नाम शढ़ौरा रा गांव, पीली घटा स्टेशन का नाम पीला घाटा, मावन स्टेशन का नाम मवन उच्चारण किया जा रहा है। आपने यह भी उल्लेख किया है स्टेशनों के नाम के उच्चारण में हो रही त्रुटि की ओर उनका ध्यान भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय समन्वयक सुप्रसिद्ध समाजसेवी इंजीनियर एस सी जैन गुना ने आकर्षित किया है। आपने यह भी उल्लेख किया है हम भारत में मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा दे रहे हैं। जबकि हम शुद्ध हिंदी का उच्चारण नहीं कर रहे हैं। विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक से अनुरोध किया है कि इस तरह की त्रुटियां अन्य स्टेशनों के उच्चारण में भी हो रही होगी। इनको ठीक किया जाना चाहिए। अपने पत्र की प्रतिलिपि सौरभ कटारिया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल को भी भेजी है।

### फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू, 22 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे दावे आपत्तियां

**आरोन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली-2026 के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची मे दावे एवं आपत्ति के अंतर्गत नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने एवं विलोपन की कार्यवाही का कार्य 23 दिसम्बर 2025 से शुरु कर दिया गया है कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। जिसमे नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रो पर दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जा रही है ! बी.एल.ओ. संघ के अध्यक्ष एवं मतदान केन्द्र क्रमांक - 218, आरोन के बी एल ओ दिलबर खान ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमित सोनी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन मे 23 दिसम्बर 2025 से शुरू कर दिया गया है जो कि 22 जनवरी 2026 तक चलेगा जिसके अन्तर्गत 1 जनवरी 2026 को जिनकी आयु 18 बर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युबा या पूर्व मे 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छुटे हुए आमजन, मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित आवेदन,पासपोर्ट साईज कलर फोटो प्रारूप -6 मे आवश्यक प्रविष्टी एवं दस्तावेज संलग्न कर सम्बंधित मतदान केन्द्र के बी एल ओ को जमा करा सकते है नामावली मे अन्य जो भी गलती है उन्हे सुधारने एवं संशोधन हेतु नियत प्रारूप-8 पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है मृत एवं अन्यत्र चले गये लोगो पर भी आपत्तियां प्राप्त की जा रही है मतदाता सूची मे अशुद्ध प्रविष्टी को शुद्ध करने के लिये भी आवेदन आमंत्रित किये जा रही है जिनके नाम पूर्व से ही मतदाता सूची मे है तथा उनका मतदान केन्द्र या विधानसभा क्षेत्र या जिला इत्यादि बदल गया है तो वह भी अपना नाम नवीन स्थान पर जुड़वा सकते है इसके लिए फार्म -8 के माध्यम से नाम ट्रांसफर करवा सकते है।



### कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती से हुआ

# सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन व ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

आगामी सर्व हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के अंतर्गत आज स्थानीय कम्युनिटी हॉल चाचौड़ा में सकल हिन्दू समाज द्वारा भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया गया।कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में महामण्डलेश्वर परम पूज्य बालक दास जी महाराज, कनक महल अयोध्या तथा मुख्य वक्ता तुलसीदास दुबे, विभाग समरसता प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा एवं समाजबंधुओं की उपस्थिति कार्यक्रम की भव्यता को दर्शाती रही।कार्यक्रम के संयोजक गोपाल पंडा एवं सह-संयोजक करतार सिंह यादव रहे। अतिथियों एवं समाज बंधुओं द्वारा विधिवत भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण के पश्चात ग्यारह कन्याओं का पूजन भी किया गया।अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि हिन्दू समाज में जागृति,



संगठन एवं समरसता की आवश्यकता वर्तमान समय की मांग है।

सर्व हिन्दू समाज को एकजुट, सशक्त और समान भाव से जोड़ने का लक्ष्य ही आगामी हिन्दू सम्मेलन का मूल उद्देश्य है।18 जनवरी 2026 (रविवार) को प्रस्तावित सर्व हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत गोया रोड, कांजी हाउस से भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सदर बाजार, भक्तमाली जी मंदिर एवं मुख्य मार्गों से होते हुए कम्युनिटी हॉल चाचौड़ा पहुँचेगी। सम्मेलन में गौमाता पूजन, तुलसी पूजन तथा संत समाज का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती एवं सामूहिक भोज के साथ किया गया। अन्त में उपस्थित अतिथियों एवं समाज बंधुओं को प्रसादी वितरित की गई।

### नगर में पहली बार होगा श्री राम शरणम अमृतवाणी सत्संग आज

**चाचौड़ा।** श्रीरामशरणम परिवार, गुना द्वारा नगर में पहली बार श्री अमृतवाणी सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन कार्यक्रम 25 दिसंबर 2025, गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा।कार्यक्रम स्थलःकम्युनिटी हॉल, प्रांगण तहसील के पास, चाचौड़ासत्संग में अनुशासन, समयबद्धता, संत पथ की विशेषता, भेंट–चढ़ावा रहित व्यवस्था, पैर छूना–छुलाना वर्जित तथा मानस उपासना एवं आत्म कल्याण जैसे सिद्धांतों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं में मानसिक शांति, आध्यात्मिक जागृति एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि का विकास करना है।इसके साथ ही 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे राम नाम की दीक्षा ग्रहण कर सकेंगे, जिसका विशेष महत्व बताया गया है।नियमित सत्संग की जानकारीःश्री अमृतवाणी सत्संग का नियमित आयोजन हर रविवार प्रातः 8:00 बजे से 9:15 बजे तकश्रीरामशरणम कमला भवन, नयापुरा गुना में किया जाता है, जहाँ श्रद्धालु सम्मिलित होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं।

## धर्म रक्षा दिवस के रूप में मना स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

श्री राम दरबार भारत माता की पूजन के बाद विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जालंधर जिला के तलवान गांव में फरवरी 1856 को एक महान हिन्दू विभूति का अवतार हुआ, जिन का नाम बृहस्पति रखा गया वह युवा अवस्था में आर्य समाज के स्वामी दयानंद सरस्वती के प्रवचन सुनकर इतने प्रभावित हुए कि संन्यासी जीवन अपना लिया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया कितने ही वैदिक गुरु कुलों की स्थापना की नारी शिक्षा अछूतोंधार के लिए भी सार्थक कार्य किए तथा शुद्धि आंदोलन चलाकर हजारों हिंदुओं की घर वापसी कराई जिनका कालांतर में जबरन धर्म परिवर्तन करा लिया गया था । जब वह हिंदुओं को घर वापसी के आंदोलन तेज गति से चला रहे थे तब उन्हें उस समय के कई राजनीतिक तथा धर्म विरोधी मानसिकता के लोगों द्वारा अड़चनें पैदा की गई । जिनसे ना घबराकर उन्होंने अपने आंदोलन को जारी रखा अंततः स्वामी श्रद्धानंद जी की 70 वर्ष की आयु में इस्लामी कट्टरपंथी अब्दुल रशीद ने 1926 में दिल्ली के चांदनी चौक के पास गोली मार कर हत्या कर दी। वही बौद्धिक के माध्यम से प्रकाश डालते हुए बजरंग दल जिला सह संयोजक सुनील शर्मा ने हिंदुओं को संगठित करने की आवश्यकता तथा बांग्लादेश की तात्कालिक घटनाओं से शिक्षा लेकर हिंदू धर्म संस्कृति को बचाने की चुनौतियों ओर उनके निधानों पर चिंतन किया । कार्यक्रम के अंत में विहिप के प्रखंड मंत्री दीपक ओझा ने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया इस अवसर पर हरवीर रजक ,भानु सोलंकी निक्की प्रजापति के साथ स्थानीय दास हनुमान मंदिर पर बड़ी संख्या में विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।



## शासकीय माडल उमावि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**आरोन।** शासकीय माडल उ.मा.वि.आरोन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 23 दिसंबर को शा.माडल उ.मा.वि.आरोन में ब्लॉक स्तरीय चिकित्सक दल द्वारा छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें छात्रों को विभिन्न रोगो एवं उनके उपचार के साथ सावधानी के संबंध में विस्तार से बताने के साथ ही आवश्यक दवाओ का वितरण किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ब्लॉक स्तरीय चिकित्सक दल में डा, आकृति लकड़ा मेडिकल अधिकारी आरोन,डाक्टर लोकेन्द्र कुशवाह चिकित्सक आरबीएसके , डाक्टर रवि कुमार सोनी चिकित्सक आरबीएसके , संजय शर्मा नर्सिंग आफिसर, डाक्टर आरजू धाकड़ सीएचओ ने अपने स्टाफ सदस्यों के साथ शिविर में योगदान दिया। इसके साथ ही गतिविधियों के क्रम में स्वच्छता,हाथ धोने की प्रक्रिया, खान- पान में क्या लेना क्या नहीं लेना चाहिए, मोबाइल का उपयोग, नियमित दिनचर्या आदि के संबंध में छात्रों को बताया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मजबूत सिंह दांगी एवं स्टाफ के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक इन्द्र सिंह ने आभार प्रकट किया।



# सांदीपनि विद्यालय चांचौड़ा में सृजन कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

बुधवार को सांदीपनि विद्यालय, चाचौड़ा में कक्षा 3 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार सृजन कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकार बंधुओं को सादर आमंत्रित किया गया था।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी सीख और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक मंचन, कविता वाचन, वंदे मातरम प्रस्तुति सहित विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए आकर्षक



मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे सभी अतिथियों ने सराहा और बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की।कार्यक्रम में प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना, श्रीमती आशा जैन, सुश्री शैलजा श्रीवास्तव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, अनिरुद्ध मीना, लेखराज मीना, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रश्मि शर्मा, वार्ड पार्षद सुधा राजावत सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम का मंच संचालन गिरिराज सिंह लोधा द्वारा किया गया। अंत में सभी उपस्थित जनों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। प्राचार्य महोदय ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह एवं अतिथियों द्वारा मॉ. सरस्वती जी चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया ने कहा कि उपभोक्ता बाजार में दुकानों से जीवन निर्वाह की सभी आवश्यक वस्तुओं को खरीदते है और बेचते भी हैं। इस खरीदने व बेचने के लिए सरकार ने कुछ आवश्यक नियम व कानून बनाये है जिससे उपभोक्ताओं को उनसे लाभ मिल सके। उपभोक्ता अपने अधिकारो के प्रति सजग और जागरूक हो। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण के माध्यम से अंत्योदय वर्ग के उत्थान के लिये कार्य किये जाएं। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण शासकीय अशासकीय सेवा देने वाले सभी इस दायरे में आते है।



राज्य स्तर पर नालशा तथा जिला स्तर पर उपभोक्ता फोरम उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक किया जाए।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह ने उपभोक्ता संरक्षण के तहत कानूनी मदद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम डिफेंस कॉउसिल सलाहकार अधिकारी विष्णु नारायण बिरथरे ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के संबंध में उपभोक्ता जिला लीगल डिफेंस कांउसलिंग के बारे में विस्तार जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रभारी जिला खाद्य एवं नागारिक आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि बाजार से कोई भी सामग्री क्रय करते समय उसंकी गुणवत्ता की पहचान पर विशेष ध्यान दें।जिला स्तरीय कार्यक्रम में जय श्री कृष्णा स्व सहायता समूह की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

## भारतीय किसान संघ पिपरई की अहम बैठक हुई



**पिपरई।** भारतीय किसान संघ की पिपरई मुख्यालय पर बैठक संघ के संगठन मंत्री भारत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर भगवान बलराम एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरूआत की गई। बैठक में प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री तहसील पिपरई प्रभारी बाबूजी एवं तहसील अध्यक्ष वीरभान सिंह यादव तहसील मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह यादव एवं संग्राम सिंहयादव तहसील उपाध्यक्ष एवं लक्ष्मण पटेल रणवीर विश्वकर्मा मौजूद रहे। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने हर ग्राम में भारतीय किसान संघ के सदस्य बने एवं गौ माता को पूजने और हर ग्राम में भारत माता जी की पूजा अर्चना सामूहिक रूप से करने का सभी को कहा इसी क्रम में हरिओम धाकड़ ने पिपरई नगर की समस्याओं से सभी वरिष्ठ जनों को अवगत कराया कहा कि हम लोग सदैव किसनो के हित के लिए आवाज उठाते हैं और एकजुट होकर भारतीय किसान संघ के सभी सदस्य ज्ञापन देते हैं। चाहे बिजली की समस्या हो या खाद की समस्या हो या फिर किसी किसान परेशान होता है तो उसके लिए भी भारतीय किसान संघ के सदस्य सदैव तत्पर रहते हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

**अशोकनगर।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदले जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा वुधवार को शहर के गांधी पार्क पर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के काम के अधिकार की गारंटी है। इसका नाम बदलना महात्मा गांधी के विचारों और उनके नाम से जुड़ी जन कल्याणकारी भावना का अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार गरीबों की रोज़ी-रोटी पर प्रहार कर रही है। मनरेगा का नाम बदलकर और इसके स्वरूप में बदलाव कर रोजगार के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। साथ ही योजना के बजट निर्धारण की जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर डालकर केंद्र सरकार अपनी जवाबदेही से बचना चाहती है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह मनरेगा और गरीबों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी तथा इस फैसले के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक हरिबाबू राय, ब्लॉक अध्यक्ष शिवाजी सरगैया, जिला महामंत्री सुधीर शर्मा, अशोक शर्मा, वाहिद पटेल, गिरीश जैन, दशरथ सिंह रघुवंशी यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनीश सिंघई, सेवा दल जिला अध्यक्ष राहुल शर्मा, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष अमन शर्मा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी धर्मेंद्र बरखेड़ा पवनपाल मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष सुभाराम राजपूत अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जाकिर खान, सतपाल रघुवंशी सुरेंद्र रघुवंशी आदि कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# स्कूली बच्चों को महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों को लेकर किया गया जागरूक



**अशोकनगर।** स्कूली बच्चों को महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों को लेकर जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी महिला थाना अशोकनगर निरी. रितु चैहान द्वारा थाना स्टाफ के साथ विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महिला एवं बालकों पर होने वाले अपराधों, उनसे बचाव के उपायों तथा उनसे संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने बच्चों को सुरक्षित व्यवहार, आत्म-रक्षा एवं किसी भी आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ समूह चर्चा के माध्यम से विषय को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाया गया, जिससे बच्चों के ज्ञान में वृद्धि हो सके एवं भविष्य में समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने तथा भयमुक्त वातावरण निर्मित करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

## नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन सख्ती से चलाया जा रहा वसूली अभियान

**मुंगावली।** नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट के निर्देश पर नगर में प्रतिदिन सख्ती से वसूली अभियान नगर के वार्ड प्रत्येक वार्ड में चलाया जा रहा है। वसूली के लिए दल गठित किए गए हैं जो प्रतिदिन घर घर जाकर नल टैक्स एवं समेकित/संपत्ति कर की रसीद की जांच कर रहे हैं। टैक्स जमा न होने पर नल कनेक्शन काटे जाएंगे एवं बकायादारों को दोबारा नल कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। समेकित/संपत्ति कर जमा न होने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को भी वसूली टीम द्वारा नगर के चंदेरी रोड अस्पताल के पीछे वसूली कार्यवाही की गई जिसमें पप्पू रजक,संतोष रजक,सुनीता सुमन, सतीष साहू,दुर्जनलाल साहू के नल कनेक्शन काटे गए बकायादारों से जल कर 12000 रूपये एवं समेकित/ संपत्ति कर 10000 हजार रूपये वसूला गया। वसूली कार्यवाही में नगर परिषद से जलकर वसूली प्रभारी नवेद क़ाज़ी के साथ राजकुमार विश्वकर्मा धानसिंह मोगिया वीरू करोसिया प्रेमनारायण नरवरिया श्रीराम चिढ़ार धर्मेन्द्र पंडा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'मनुष्य का मन, वचन व कर्म पर नियंत्रण होना चाहिए'

**अशोकनगर।** सत्संग समागम के अंतर्गत बरिया चक्क में प्रवचन करते हुए सचखंडवासी संत बाबा गुरदीप सिंघजी द्वारा वरोसाये हुए संस्था के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघजी ने बताया कि मनुष्य का मन, वचन एवं कर्म पर नियंत्रण होना चाहिए जो कि समर्थ गुरु की कृपा द्वारा ही संभव है। जो महापुरुषों के नजदीक रहते हैं उनकी जिम्मेदारी ज्यादा है कि उनके किसी आचरण के कारण उनकी तरफ़ ग़लत उँगली न उठ सके।





उन्होंने कहा कि किस तरह से सूक्ष्म अहंकार मनुष्य को योनियों में भटकाता है, समर्थ गुरु दया करके फिर उसे वहाँ से मुक्त करवाते हैं। भाई शोभाराम का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के इतने नजदीक रहकर भी एक ग़लत कहा हुआ वचन कैसे उन्हें रीछ की योनि में ले गया। फिर श्री गुरु गोबिंद सिंघजी ने उन्हें वहाँ से मुक्त करवाया। गुरु घर में कथनी और करनी की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि कैसे मसंद जो कि धर्म प्रचार के लिए भेजे गए थे पर जब वो पतित हुए तो उन्हें सजा भी गुरु साहिब ने देकर उन पर दया की। सिक्ख को चाहिए कि सदा गुरु चरणों में अरदास करता रहे। माया के प्रभाव में आकर गुरु चरणों से बिछोड़ा न हो। अंत समय में गुरु कृपा द्वारा ही सचखंड में जगह मिलती है। उन्होंने कहा कि हर एक सिक्ख को चाहिए कि वो श्री गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु धारण करे और जन्म सफल करें।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया




**अशोकनगर।** महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर पी.के. सुराना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। नोडल अधिकारी डॉ चंद्रशेखर जाटव ,डॉ.रीना वसुनिया और सभी सदस्य नेहा जैन ,जितेंद्र ओझा ,जगमोहन साध ने पूर्ण सहयोग किया कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय, अशोक नगर से आए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों में डॉ. मयंक परिहार मेडिकल ऑफिसर केशव सेन लैब टेक्नीशियन वैशाली माथुर उमंग परामर्शदाता (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) कैलाश राजपूत ड्रेसर इमरान खान अनुबंधित वाहन चालक शामिल रहे। स्वास्थ्य टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें किशोर स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण,स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

## खबर संक्षेप

### सीमांकन करने गए पटवारियों पर हमला

**अशोकनगर।** वुधवार को बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के महोली गांव में एक विवादित सीमांकन होना था। इसके लिए गए पांच पटवारियों के दल पर तीन लोगों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से पटवारियों ने खेतों में दौड़कर अपनी जान बचाई। इस घटना की शिकायत मुंगावली थाने में की गई है, जहां पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि महोली गांव में एक सीमांकन के लिए तहसीलदार बहादुरपुर द्वारा हल्का पटवारी सुजीत छारी के साथ लोकेंद्र शर्मा, होशियार सिंह, अंकुर गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता आदि पटवारियों का पांच सदस्यीय दल भेजा था एवं मुंगावली थाना पुलिस से पुलिस बल की मांग की गई थी। बुधवार को पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण महोली गया हुआ सीमांकन दल जब वापिस होने लगा तो आरोपी सीताराम पुत्र केहरी सिंह दांगी, धर्मेंद्र पुत्र सीताराम दांगी एवं अर्जुन पुत्र कोमल सिंह दांगी सभी निवासी ग्राम जगथर थाना दीपना खेड़ा जिला विदिशा द्वारा पीछे से आकर लाठियों से हमला कर दिया। सभी पटवारी अपनी अपनी जान बचाकर खेतों में भागे। इसके बाद मुंगावली थाने आकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। गौरतलब है कि करीब एक माह पूर्व ही मुंगावली थाना क्षेत्र के टीला गांव में भी एक पटवारी पर हमला कर मारपीट की गई थी, जिसमें पटवारी का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। एक माह के अंदर क्षेत्र में पटवारियों पर हमले की यह दूसरी घटना है।

### सांसद खेल महोत्सव का पुरस्कार वितरण आज

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताएँ 14 दिसंबर 2025 से 16 दिसंबर 2025 तक जिला अशोकनगर के संजय स्टेडियम स्थित खेल मैदान में सम्पन्न कराए गए। सांसद खेल महोत्सव के संयोजक जजपाल सिहं पूर्व विधायक द्वारा बताया गया कि, सांसद खेल महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत सम्पन्न कराई गई खेल प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन 25 दिसंबर 2025 को अशोकनगर के संजय स्टेडियम खेल मैदान में किया गया है। समापन कार्यक्रम के अवसर पर आलोक तिवारी भाजपा जिलाध्यक्ष, जगन्नाथ सिंह रघुवंशी विधायक चन्देरी, बृजेन्द्र सिंह यादव विधायक मुंगावली, संजीव भारिल्ल सांसद प्रतिनिधि, नीरज मनोरिया सहित जिले के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन से पूर्व ग्राम पचांयत स्तरीय, विकासखंड स्तर पर तीन दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित कराई गई थी।

### राठौर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव आज


**अशोकनगर।** राठौर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव आज आयोजित किए गए हैं। इस चुनाव को लेकर पिछले दिनों एक बैठक वेदांत भवन में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता राठौर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन राठौर के द्वारा की गई थी। बैठक में सभी समाज जनों ने भाग लिया था जिसमें अशोकनगर, ईसागढ, मुंगावली, चन्देरी, नईसरायं , शाढ़ौरा आदि स्थानों के लोग शामिल हुए थे। इस दौरान सदस्यता भी दी गई और 450 सदस्य बनाए गए। चुनाव का आयोजन प्रेमनारायण राठौर भजन सेठ, राष्ट्रीय संरक्षक महासभा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राठौर बाबूजी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

### जगन्नाथ सिंह यादव बने मंडल प्रभारी

**मुंगावली।** भाजपा संगठन के निर्देश अनुसार ओर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मंडल प्रभारियों की घोषणा की गई है जिसमें मुंगावली मंडल प्रभारी पूर्व जनपद अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह यादव को बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथ सिंह यादव 12 साल तक जनपद अध्यक्ष पद पर रहे हैं जिसमें कोरोना काल भी शामिल है। वही पिपरई के नरेश ग्वाल ,सहराई के दीपक पालीवाल और बहादुरपुर के मंडल प्रभारी मनीष मोदी को बनाया गया है।

### प्रभु ईशू के जन्म की झांकी लगाई गई, बच्चों को उपहार प्रदान किए गए

# शहर में क्रिसमस पर्व को लेकर उत्साह, चर्च को रोशनी से सजाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में क्रिसमस के पर्व की उत्साह पूर्वक शुरूआत की गई। ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित किए जाने वाले यहां स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांता क्लोज के द्वारा भी बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। यह अपनी सफेद ढाड़ी और उपहारों से भरा थैला लेकर बच्चों को उपहार बांटते हुए देखे गए। अशोकनगर जिले के एकमात्र सेंट थॉमस चर्च में क्रिसमस के पर्व की तैयारियां पूरे दिन की गईं, कई झांकियां सजाई गईं। अशोकनगर शहर में लगभग 100 से अधिक ईसाई परिवार हैं जिनके द्वारा यह पर्व मनाया जाता है। जिले भर से अनुयायी अशोकनगर पहुंचे हैं और आयोजित कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। स्कूलों में क्रिसमस के पर्व पर बच्चों को चॉकलेट, टापिया प्रदान की गईं। हर वर्ष 25 दिसम्बर को यह क्रिसमस का पर्व मनाया जाता है। क्रिसमस के दिन को बड़े दिन के रूप में जाना जाता है यह हजरत ईसा का जन्म दिवस है, हजरत ईसा बचपन से ही बुद्धिमान और दयालु थे, उन्होंने गुलामों और गरीबों की सहायता करके समाज में बराबरी का संदेश दिया। हजरत ईसा की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर उस क्षेत्र के तत्कालीन शासकों द्वारा विरोध किया गया और गुड फ्राईडे के दिन उनके शरीर में कीलें ठोककर उन्हें सूली पर लटका दिया गया। उस सूली को आज क्रूस के रूप में पूजा की जाती है। अंतिम समय में ईशामसीह ने हत्यारों के लिए प्रार्थना करते हुए कहा था कि हे ईश्वर उन्हें मांफ कर देना। कहा जाता है कि 3 दिन बाद ईस्टर के दिन हजरत ईसा दुबारा जीवित हो गए थे, इसी लिए क्रिसमस के दिन रात्रि में प्रार्थना सभा का आयोजन कर हजरत ईसा की महानता और श्रद्धा के गीत गाए गए। कहा जाता है कि एक बार ईसाई संत ने देखा कि एक मासूम बच्चे को पेड़ से बांध कर कुर्बान किया जा रहा था उसने तुंरत उस पेड़ को काट डाला, तभी ऐसा चमत्कार हुआ कि सनुवर का पेड़ उग आया, इसी यादगार में क्रिसमस का पेड़ सजाया गया है। कईं झांकियां लगाई गईं जहां प्रभु ईशू के जन्म को दिखाया गया है कहते है कि ईसवी वर्ष हजरत ईसा के जन्म से शुरू होता है।

## सर्दी के मौसम में कबंल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे



**अशोकनगर।** सर्दी के मौसम में अगर गर्म कपड़े के रूप में कबंल मिल जाए तो कहना ही क्या है। इसे ध्यान में रखते हुए अशोकनगर के समाजसेवी बरोदिया परिवार द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. बाबूलाल बरोदिया की पुण्य स्मृति में सैकड़ों गरीबों को इन कंबलों का वितरण किया गया साथ में उन्हें भोजन भी कराया गया। बरोदिया परिवार की ओर से उनके पुत्र अजीत बरोदिया, रितु बरोदिया, आशी एवं पार्थ बरोदिया द्वारा यह कंबल वितरित और भोजन प्रदाय किया गया। इस मौके पर अशोकनगर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, मंत्री राकेश अमरौद, मनीष बरखेडा, लोकेन्द्र जैन, हेमन्त टडैया आदि समाजजन भी मौजूद थे। इस दौरान गरीबों को बारी बारी से कंबल प्रदान किए गए,कंबल मिलने के बाद गरीबों के चेहरों पर खुशी देखी गई।

## शाढ़ौरा में 30 नसबंदी के ऑपरेशन किए गए



**अशोकनगर।** ब्लॉ मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयकृत सिंह राजपूत की उपस्थिति में शाढ़ौरा में 30 नसबंदी के ऑपरेशन किए गए। शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ. डी. के. भार्गव द्वारा 30 महिलाओं की नसबंदी सर्जरी की गई। इसके साथ ही अब तक कुल 111 महिला नसबंदी ऑपरेशन संपन्न हो चुके हैं। सर्जरी पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. रश्मि छारी द्वारा किया गया। ओटी इंचार्ज ज्योति राजावत,लैब टेक्नीशियन अवधेश नायक एवं ऑपरेशन थिएटर टीम का योगदान रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से केस प्रेरणा एवं लाने का कार्य बीसीएम संजीव रघुवंशी के निर्देशन में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

## सुशासन सप्ताह के तहत आयोजन जिला स्तरीय कार्यशाला में नवाचारों की विस्तृत समीक्षा



**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह के अवसर पर बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा सुशासन के अंतर्गत किए गए नवाचारों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि 19 दिसम्बर से जिले में सुशासन शिविरों का आयोजन किया गया।इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों का निराकरण पूर्ण सतर्कता के साथ किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी व्यक्तित्व को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि आम नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नवाचारों को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान आमजन तक शासकीय योजनाओं का लाभ बेहतर क्रियान्वयन से ही पहुंच सकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सजग रहकर कार्य करने चाहिए। शासकीय कार्यालयों में जीरो पेंडेंसी होनी चाहिए। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। आमजन के जीवन में बेहतरी लाने के लिए और क्या-क्या नवाचार किए जा सकते है। इस बारे में विचार करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन द्वारा सुशासन सप्ताह की रूपरेखा तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और विरासत पर प्रकाश डाला गया।

## तूमैन के बच्चों ने किया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण




**अशोकनगर।** कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत आज शासकीय उमावि तुमैन के बारहवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अशोकनगर का डॉ. नवीन पटवा कॉलेज चलो अभियान प्रभारी के नेतृत्व में भ्रमण किया।

विद्यालय के शिक्षक भावना कौशल, प्रीति खरे, मनीषा भार्गव, आसिफ खान भी विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हुये। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम पुस्तकालय का भ्रमण किया जहां उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं, समाचार पत्रों पत्र पत्रिकाओं एवं पुस्तकालय में संबालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नवीन भवन स्थित स्मार्ट क्लासज का अवलोकन किया। कीडाधिकारी चंद्रशेखर जाटव ने विद्यार्थियों को कीड़ा गतिविधियों एवं एनसीसी की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर लैब का भ्रमण किया जहां प्रभारी अनूप श्रीवास्तव ने उन्हें समस्त जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने कक्ष क्रमांक 10 में स्थापित कम्प्यूटर कक्ष का भ्रमण किया जहां सुमित सोनी और अजय कुशवाह ने उन्हें ऑनलाईन प्रवेश, परीक्षा एवं छात्रवृति योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने नव निर्मित विज्ञान भवन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ (डॉ.योग्यता भार्गव) स्वामी विवेकानंद उद्यान का भ्रमण भी किया। इसके पश्चात विदयार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, विद्या वन आदि का भ्रमण किया।

अंत में विद्यार्थियों ने प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश से भेंट की प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों का महाविद्यालय में आत्मीयता से स्वागत किया। विद्यार्थियों के आवागमन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत संचालित बस सेवा का उपयोग किया गया। कुल 53 विद्यार्थियों ने भ्रमण किया।

## मुंगावली विधानसभा मुख्यालय पर अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



मुंगावली विधानसभा के कार्यकर्ताओं का अटल स्मृति पर एक सम्मेलन निजी गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमे पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

जिसके बाद अटल स्मृति पर्व की अध्यक्षता पूर्व सांसद कृष्णपाल सिंह यादव जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं जिले से आए मुख्य अतिथि अमित रघुवंशी एवं अनिल रघुवंशी के द्वारा की गई, ओर अटल स्मृति पर्व के बारे मे जानकारी दी गई तो बही इस कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव एवं जिले के उपाध्यक्ष, महामंत्री शामिल रहे। इस सम्मेलन में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष रूपेश जैन एवं उपाध्यक्ष अभिषेक सिंघई का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के द्वारा बताया कि क्षेत्र में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलन में अटल जी की स्मृति में कविता पाठ सुशासन से जुड़े हुए कार्यक्रम और विचार गोष्ठियां आयोजित की जाएगी। जिसमें बताया कि युवा पीढ़ी को अटल जी के विचारों से जुड़े रहना चाहिए जिसमें बताया कि अटल स्मृति दिवस के माध्यम से युवा पीढ़ी को उनके जीवन मूल्य साथ की और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण से प्रेरित करना उनके विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहें है कार्यक्रम प्रभारी केपी यादव द्वारा भी आयोजित कार्यक्रमों की रूप रेखा से अवगत कराया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा भी जिले में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

अटल स्मृति कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, विधानसभा प्रभारी मनीष मोदी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, जिला महा मंत्री नरेश ग्वाल, महामंत्री शीला जाटव, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, मंडल महामंत्री अविनाश यादव, अजितेश श्रीवास्तव आदि रहे मौजूद।

## पिपरई नगर परिषद की लापरवाही से खुली नाली में बाईक गिरी



**पिपरई।** पिपरई नगर परिषद मुख्यालय पर खुली नाली दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, वुधवार को एक बाईक सवार रास्ते से निकलते समय संतुलन बिगड़ जाने से खुली नाली में गिर गया। यह अच्छा हुआ कि बड़ी घटना नहीं हो पाई, इसके पहले भी कई वाहन इस नाली में दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।वुधवार को नगर में एक मोटरसाइकिल सवार नाली में गिर पड़ा, गनीमत रही कि वहां पर मौजूद लोगों ने बाईक चालक को जल्दी ही उठा लिया और बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। इस विषय में जब सीएमओ अशोककुमार वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि नाली खुली होने की यह बात आई है और मैं इस कार्य को पूर्ण करवाने की कोशिश करूंगा।

## कलेक्टर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सुशासन की दिलाई शपथ



**अशोकनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व 24 दिसम्बर को शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस मनाया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव,जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नपा में सुशासन दिवस पर ली गई शपथ

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन से एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को शासन के निर्देश पर सभी कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ ली गई। जिसमें स्व अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा बताए गए सुशासन के उच्च आदर्शों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में उतारने का संकल्प नगर पालिका के सभी अधिकारी कमर्चारियों के द्वारा लिया गया। जिसमें नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा शपथ शिवांग त्रिपाठी के द्वारा दिलाई गई।



**शाढ़ौरा में सुशासन की शपथ ली :** सुशासन दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। बीएमओ डा. जयकृतसिंह राजपूत द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर आदित्यसिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। शपथ के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

**महाविद्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया:** महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के निर्देशन में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व छात्रों की उपस्थिति में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा स्थापित सुशासन के उच्च मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को उपस्थित सभी जन ने सुशासन दिवस की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह द्वारा किया गया।

## नपा अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ वार्ड 07 में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 07 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य गिर्राज यादव के मकान के सामने से नगर पालिका के बोर्ड तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा, जिसके तहत सी.सी. (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन समारोह नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने वार्ड पार्षद कृष्णा संजीव जाटव एवं समस्त पार्षदो के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर गोपाल ओझा ,मनीष धुरेंटे, नगर पालिका से उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहें. नपा अध्यक्ष मनोरिया ने बताया कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही अन्य वार्डों में भी लंबित निर्माण कार्यों को शुरू किया जाएगा।

## लक्ष्य से न भटकें, लक्ष्य एक दिन हासिल होकर रहेगा: आचार्य श्री निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली






बेटी तब खुश होती है जब उसे प्रेम प्रशंसा सम्मान सहयोग मिले इसलिए मां-बाप का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी बेटी की प्रशंसा सहयोग सम्मान और प्रेम करें। अच्छी बेटी वही है जो माता-पिता की आज्ञाकारी हो। ज्ञान की प्यासी हो। जल्दी भावुक ना होती हो। घरेलू कार्य में दक्ष हो अंग प्रदर्शन से दूर हो। श्रमशील हो। यह उपदेश आचार्य निर्भय सागर जी महाराज ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्याशाला स्कूल में दिए।

उन्होनें कहा कि जींस किसी भी नारी को नहीं पहनना चाहिए क्योंकि हमारे देश में आठ माह तक गर्मी रहती है जींस ठंडे देशों में ठीक होती है। टाइट जींस पहनने से हड्डी चमड़ी को किडनी का रोग होता है। रक्त संचार और रक्त वाहिनियां बिगड़ जाती है। बच्चों को सफलता के सूत्र बताते हुए कहा कि समय प्रबंधन करें समय का सदुपयोग करें सकारात्मक सोच रखे। गलतियों से सीख ले। गलतियां सावधान करने के लिए होती हैं। लक्ष्य से न भटके, मंत्र, तंत्र, टोना टोटका और मोबाइल से दूर रहें। आत्मविश्वास पैदा करें। चुनौती का सामना करें और सीखने की आदत डालें। इसके लिए हमेशा अभ्यास करते रहना चाहिए। याददाश्त बढ़ाने के लिए सूत्र देते हुए आचार्यश्री ने कहा ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें। तनाव मुक्त रहें। हरी साग सब्जियों का सेवन करें, निरंतर फिजिकल एक्टिविटी बनाए रखें अर्थात योगाभ्यास करते रहे। अंडा मांस मच्छी से दूर रहे। समस्त बालिकाओं को आचार्य श्री ने मांस मदिरा का सेवन न करने के लिए प्रेरणा दी। सिद्ध चक्र महा मंडल विधान में शामिल हुए विधायक बृजेंद्र सिंह नगर में चल रहे सिद्ध चक्र महा मंडल विधान में शामिल होने के लिए पूर्व मंत्री ओर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव पहुंचे जहां आचार्य श्री के चित्र का अनावरण किया।

### जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई, हितग्राहियों से रुपए मांगने का ऑडियो हुआ था वायरल

# आवास सत्यापन में रिश्वतखोरी ! दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर


कार्यालय जिला पंचायत-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्र./ 9980 /पंचा.प्रको./स्था./25 राजगढ़, दिनांक 23/12/2025
–:आदेश:–
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर के पत्र क्रमांक/658/ पीएमएवाई-जी/ज.पं./2025 दिनांक 23.12.2025 के माध्यम से श्री रामचन्द्र नागर सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा दिनांक 23.12.2025 को व्हाट्सएप ग्रुप "ग्रामीण क्षेत्र की खबरें" में प्रसारित ऑडियो में किसी अन्य व्यक्ति से चेकर सत्यापन करने के एवज में राशि मांगे जाने के संबंध में चर्चा की जाने, ऑडियो में चेकर सत्यापन में 1000/- से लेकर 2000/- रुपये तक हितग्राही से लिए जाने के संबंध में स्पष्ट बोला जाने तथा ग्राम पंचायत आमलारोड़ में आवास प्लस 2.0 में नाम जोड़ने के 10-10 हजार रुपये लेने संबंधी ऑडियो श्रवण से शासन की महत्वाकांक्षी योजना में भ्रष्टाचार करने का कृत्य प्रथम दृष्टया सिद्ध होने से शासन की छवि धूमिल होने के कारण श्री रामचन्द्र नागर सचिव के निलंबन की अनुशंसा की गई है।
श्री रामचन्द्र नागर सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर को उक्त कृत्य के लिये मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4(2)(क) एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम 2011 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।
निलंबन काल में श्री रामचन्द्र नागर निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत-राजगढ़ (म.प्र.)
पृ.क्र./ 9981 /पंचा.प्रको./स्था./25 राजगढ़, दिनांक 23/12/2025
प्रतिलिपि:-
1 आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2 संचालक सह-आयुक्त पंचायत राज संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर की ओर सूचनार्थ।
4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर भेजकर 07 दिवस में अनिवार्यतः निलंबित सचिव श्री रामचन्द्र नागर के विरुद्ध आरोप-पत्रादि तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु।
5 खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6 सरपंच ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7 संबंधित श्री रामचन्द्र नागर निलंबित सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।




आवास योजना के तहत सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने के गंभीर मामलों में जिला पंचायत राजगढ़ (ब्यावरा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले ने कड़ा कदम उठाते हुए दो ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित ऑडियो रिकॉर्डिंग को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। आए दिन सरपंच सचिवों के रिश्वत मामले सामने आते रहते हैं जिन पर साक्ष्य के अभाव में कई बार कार्रवाई संभव नहीं हो पाती है।

### पहला मामला ग्राम पंचायत धामन्दा का

प्रथम प्रकरण ग्राम पंचायत धामन्दा, जनपद पंचायत सारंगपुर से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार सचिव रामचंद्र नागर द्वारा आवास सत्यापन के एवज में हितग्राहियों से 1000 से 2000 रुपये तक लेने की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नाम जोड़ने के लिए 10-10 हजार रुपये तक की मांग की जा रही थी। ऑडियो में राशि लेने की बात स्वीकार किए जाने से शासन की छवि धूमिल होने की स्थिति बनी। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सचिव रामचंद्र नागर को मप्र पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 एवं ग्राम पंचायत सचिव भर्ती व सेवा शर्त नियम 2011 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### दूसरा मामला ग्राम पंचायत आलमरोड का

दूसरा मामला ग्राम पंचायत आमलरोड़, जनपद पंचायत सारंगपुर का है। यहां सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला पर आरोप है कि आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपये लेने की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि राशि लेकर पात्रता के विपरीत नाम जोड़ने की स्वीकृति दी जा रही थी। प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके चलते सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन काल में उनका मुख्यालय भी जनपद पंचायत सारंगपुर निर्धारित किया गया है।

### दोष सिद्ध हुए तो होगी कड़ी कार्रवाई

दोनों मामलों में जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर आरोप-पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खंड पंचायत अधिकारी एवं सरपंचों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच में दोष सिद्ध होने पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आमजनों की समस्याओं के निराकरण में देरी पर कलेक्टर की कार्रवाई

# ग्रामीणजनों के कार्यों में लापरवाही बरतने पर रामगढ़ पटवारी सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन द्वारा बुधवार को खिलचीपुर-जीरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपल्याकुल्मी एवं रामगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रामगढ़ हल्का पटवारी के संबंध में ग्रामीणों से मिली शिकायतों के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने पटवारी ज्ञानसिंह अहिरवार को सस्पेंड करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले एवं जिलाधीश ने ग्रामीणजनों के साथ जमीन पर बैठकर सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं, शिकायतें एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए।

### 'समस्याओं का शीघ्र निराकरण हमारी प्राथमिकता'

शिविर के दौरान जिपं सीईओ डॉ. गढ़पाले ने गढ़पाले ने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' पहल का उद्देश्य शासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है ताकि उनिकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा सके। इस अवसर पर खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन, नायब तहसीलदार माचलपुर रामनिवास धाकड़ सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नाला निर्माण में लेवलीकरण का कार्य सही नहीं

**जीरापुर।** स्थानीय नवीन हाट बाजार तालाब परिसर खिलचीपुर नाका के पास में नाला निर्माण कार्य चल रहा लेकिन नगर परिषद की उदासीनता अनदेखी के कारण नाला लेवलीकरण सही नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि नगर कि लम्बी चौड़ी शासकीय धरोहर लम्बे समय से विकास की बाट जोह रही थी जहां पर नगर परिषद के द्वारा तालाब परिसर में सीमेंट कांक्रीट कार्य किया गया तथा साथ ही नाला निर्माण कार्य भी चल रहा है। विगत 5-7 सालों से तालाब समतलीकरण कार्य में अतिक्रमण बाधा बंधा हुआ था।

आखिरकार नगर परिषद के द्वारा कुछ अतिक्रमण हटा दिया गया। 1.17 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे इस परिसर समतलीकरण एवं नाला निर्माण में नाला का काम अधूरा है। जिससे स्थानीय रहवासियों के लिए बड़ी मुसीबत और गंदगी का कारण बना हुआ था, जिसे अब पूरा करने का रास्ता साफ किया गया।

## निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर खुजनेर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी बांग्लादेशी हिंदू पर अत्याचार होता है तो भारत का हिंदू समाज इसे कभी सहन नहीं करेगा देश के कोने-कोने में हिंदू समाज एकत्रित होकर बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में आवाज उठा रहा है जिसमें जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार, प्रखंड अध्यक्ष पवन , प्रखंड मंत्री गोविंद रुहेला, भगवान सिंह सोंधिया, दीपक यादव व बड़ी संख्या में खुजनेर गौ रक्षादल के कार्यकर्ता बजरंग दल एवं विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा,नारों के माध्यम से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया।

## सांदीपनि स्कूल में मनाया सृजन उत्सव



**जीरापुर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सृजन उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी व विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालूसिंह तोमर रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों एवं पत्रकारों का साफा एवं उपरना पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी। प्राचार्य कैलाश शर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि विद्यालय में 109 गाँवों के छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं। जहां पर अतिथियों ने नवीन भवन का अवलोकन किया तथा यह तपोभूमि पर भवन निर्माण का श्रेय विधायक को जाता है।

मध्यप्रदेश में इस प्रकार के कई स्कूल है सामान्य स्कूल और सांदीपनी स्कुल में बहुत अन्तर शासकीय स्कूल में शिक्षा का जो स्तर कम हो रहा था मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सांदीपनि स्कूल के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्रदान किया है। जहां पर सम्पूर्ण व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए हैं। इस वर्ष भी यदि सीधे आवेदन से भर्ती होती तो पांच हजार विद्यार्थी स्कूल में प्रवेश पा सकते थे। विधायक दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांदीपनि स्कूल नाम क्यों रखा क्योंकि भगवान कृष्ण ने भी सांदीपनी स्कुल में शिक्षा दीक्षा प्राप्त की बच्चें भी इस स्कूल में पढ़कर राम कृष्ण के पद चिन्हों पर चलकर आगे बढ़ें, राजगढ़ जिले में जीरापुर के सांदीपनी स्कुल का नाम एक नम्बर पर है।


## छात्रों का हुआ सम्मान




**कुरावर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र नवीन मीणा व दीपक चंद्रवंशी ने वर्ष 2025 में कक्षा 12वीं सर्वोच्च अंक से उत्तीर्ण की व दोनों छात्रों का भारतीय सेना में चयन हुआ है। नवीन मीणा थल सेना में व दीपक चंद्रवंशी वायु सेना में चयनित हुए हैं। इन छात्रों ने लैपटॉप प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 85ः से अधिक अंक प्राप्त कर 25000- 25000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है। एवं नवीन मीणा ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश शासन की महती योजना अंतर्गत स्कूटी प्राप्त की है। छात्रों के भारतीय सेना में चयन होने पर बधाई दी।

### बिना अनुमति स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की मांग

# स्मार्ट मीटर के विरोध में नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**खुजनेर।** नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। ठेकदार द्वारा बिना सूचना के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे नगरवासियों में आक्रोश है। बुधवार को विद्युत विभाग सुपरवाइजर रवि बडोले व नायब तहसीलदार नीलम परसेंडीया खुजनेर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि वर्तमान में जो मीटर लगे हुए है बिजली कम्पनी द्वारा टेस्टेट मीटर लगाये हैं जो भी रीडिंग खपत होती है उसका हम लोग पूर्ण भुगतान करते है जो मीटर वर्तमान में लगे है वही लगे रहने दे और कम्पनी द्वारा कोई स्मार्ट मीटर न लगाया जाए, साथ ही हमारी बिना अनुमति के हमारे घरों व दुकानों पर स्मार्ट मीटर न लगाये जाने की मांग की गई। जिसमें रामप्रसाद यादव अली मेव कमल पुष्पद अप्पू विश्वकर्मा मुबारिक खा महेश विश्वकर्मा गोवर्धन वर्मा हनीफ पठान सहित आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत छात्राओं को कराया गया महाविद्यालय का भ्रमण



**सारंगपुर।** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारंगपुर की छात्राओं को शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की टीम द्वारा छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया, नई शिक्षा नीति 2020, शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हितग्राही योजनाओं तथा छात्रवृत्ति योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय की समस्त प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर लैब एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों का भ्रमण कराते हुए छात्राओं को आधुनिक शिक्षण सुविधाओं से अवगत कराया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), खेलकूद गतिविधियों, कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया, कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विमल लोदवाल, डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, डॉ. अर्चना वर्मा, प्रो. संगीता गुप्ता, प्रो. प्रीतम गुनवा, डॉ. अरुण सोलंकी, डॉ. भाविक बोरा, डॉ. फारूक पठान, धर्मेंद्र खरवार, दीप्ति सिसोदिया, पवन राजपूत, भगवान पाटीदार, हरिशंकर शर्मा, सोनम करोड़िया, सुरेंद्र यादव, संगीता डोडवे, डॉ. दीपिका जोशी, आरती यादव सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन 27 को

**ब्यावरा।** विदिशा जिले का सिरोंज नगर 27 दिसंबर को मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के लिए एक ऐतिहासिक दिन का साक्षी बनेगा। जर्नलिस्ट्स



यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जम्प द्वारा यहां राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश भर से 500 पत्रकार साथी सम्मिलित होंगे। जिससे सिरोंज एक दिन के लिए प्रदेश की पत्रकारिता का केंद्र बन जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश सरकार के दो मंत्री, पांच विधायक एवं एक सांसद की उपस्थिति प्रस्तावित है। सत्ता, समाज और मीडिया के इस समागम को लोकतांत्रिक संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को एक साझा मंच प्रदान कर उनके अधिकारों, दायित्वों और वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर चर्चा करना है। कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पत्रकारों का सिरोंज पहुंचना संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता को दर्शाता है। सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र, विचार-विमर्श और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन के संचालन के पीछे जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना का नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# विहिप ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को राजगढ़ नगर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा चौराहे पर बांग्लादेश का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया की हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है।

जिला मंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा प्रखंड मंत्री संतोष राणा प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू गोड प्रखंड सहसंयोजक प्रखंड चंदन गुर्जर बल उपासना प्रमुख हेमराज तंवर नगर मंत्री लोकेश शर्मा, मनोहर तंवर राहुल सेन देवीसिंह विश्वकर्मा सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन



**खुजनेर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 में अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर की टीम ने रस्साकसी सेमीफाइनल मुकाबले में सुसनेर को एवं फाइनल मुकाबले में खिलचीपुर को हराकर जीत हासिल की। प्राचार्य मनोहर जायसवाल एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# खेलो इंडिया अभियान के तहत श्री सत्य साईं स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय श्री सत्य साईं सीनियर सेकंडरी स्कूल में खेलो इंडिया अभियान के तत्वावधान में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि लोटस इंटरनेशनल स्कूल पोलाय कला के संचालक राकेश पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया, प्राचार्य केदार गोवेकर, उपप्राचार्य किरण जोशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मशाल प्रज्वलन के साथ खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आईपीएल थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सीनियर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति आधारित नृत्य ने महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश दिया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य केदार गोवेकर, उपप्राचार्य श्रीमती किरण जोशी, शिक्षक इमरान खान, शिखा शर्मा सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा, जिनकी अतिथियों ने प्रशंसा की।

### पर्यटन विकास के तहत अधिकारियों ने लिए अहम निर्णय

# खोयरी, जल महल जैसी धरोहरों को सहेजने बनाई विस्तृत कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय एवं जिले के विभिन्न शहरों व क्षेत्रों में स्थित पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने एवं संरक्षण के उद्धेश्य से बुधवार को पर्यटन विकास योजना के तहत अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान पुरातत्व विभाग से सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मदन मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे कलेक्टर डॉ. मिश्रा के साथ जिले में पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने अपने अनुभवों को सांझा किया। इस दौरान राजगढ़ स्थित खोयरी महादेव, घूमघाटी, नेवज नदी के मध्य स्थित जल महज सहित अन्य धरोहरों के संरक्षण, पहचान और पर्यटन मानचित्र पर उभारने की कार्ययोजना बनाई गई है। इन स्थलों की ऐतिहासिक विशेषताओं को संरक्षित रखते हुए आधारभूत



सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही पुरातात्विक धरोहरों पर किए गए अतिक्रमण हटाने को लेकर भी ठोस रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत छत्री, बाग एवं किला पट्टा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को नियमानुसार हटाकर प्रभावित लोगों के प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि धरोहरों की मूल पहचान सुरक्षित रह सके। इसके अतिरिक्त बांसवाड़ा सीमांकन का कार्य भी योजना में शामिल किया गया है, जिससे संरक्षित क्षेत्र की स्पष्ट पहचान हो सके और भविष्य में अतिक्रमण की संभावनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### पुरातात्विक धरोहरों को मिलेगा नवजीवन

अधिकारियों द्वारा बनाई गई इस योजना के क्रियान्वयन से जिले की पुरातात्विक धरोहरों को नया जीवन मिलेगा। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, एसडीएम अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी राजगढ़ निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजगढ़ पवन अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।